भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 3456

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन

3456. श्री वरुण चौधरीः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आठवें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) द्वारा अपने गठन के पश्चात से अब तक कुल कितनी बैठकें आयोजित की गई हैं; और

(ख) क्या सरकार ने वेतन और पेंशन के अगले संशोधन की नियत तिथि, 1 जनवरी, 2026 को ध्यान में रखते हुए, आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन की संभावित तिथि और केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों के वेतन और पेंशन में संशोधन के लिए अपनाए जाने वाले प्रस्तावित फिटमेंट फैक्टर को अंतिम रूप दे दिया है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री

(श्री पंकज चौधरी)

(क): 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन के लिए सरकार द्वारा दिनांक 03.11.2025 को अधिसूचित संकल्प में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि आयोग अपनी विवेचना की अवधि के दौरान अपनी परामर्श की प्रक्रिया के संबंध में सरकार को अवगत कराता रहेगा।

(ख): 8वें केंद्रीय वेतन आयोग ने अभी तक सरकार को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत नहीं की है।

*****